# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

दिनांक: 19 मई 2024, रविवार

## केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा बिहार के बेतिया की जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिन्दु

**4 चरणों के चुनाव में इंडी गठबंधन का सूपड़ा-साफ होने जा रहा है**

***************

**लालू जी आप SC, ST, OBC किस समाज का आरक्षण काट कर मुस्लिम समाज को देना चाहते हो?**

***************

**लालू जी वोट बैंक और बेटे को मुख्यमंत्री बनाने के लिए पिछड़ा विरोधी कांग्रेस की गोद में बैठ हैं**

***************

**POK भारत का है, भारत का रहेगा और हम POK को लेकर ही रहेंगे...ये मोदी की गारंटी है**

***************

**लालू जी तेल पिलावन, लठिया घुमावन का जमाना जा चुका है, अब देश को तीसरी नंबर की अर्थव्यवस्था बनना है**

***************

माननीय केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज गुरूवार को बिहार के बेतिया में जनसभा को संबोधित करते हुए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में बिहार और देश में हुए विकास कार्यों को रेखांकित किया और आरजेडी एवं कांग्रेस के कुशासन व वर्षों तक देश में व्याप्त भ्रष्टाचार की जमकर आलोचना की। कार्यक्रम के दौरान मंच पर राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र दुबे, भाजपा के वरिष्ठ नेता श्रीमती रेनू देवी, श्री नारायण प्रसाद, बेतिया से लोकसभा प्रत्याशी श्री संजय जायसवाल और वाल्मीकिनगर से लोकसभा प्रत्याशी श्री सुनील कुमार सहित अन्य नेतागण मंच पर उपस्थित रहे।

श्री शाह ने कहा कि **इन 4 चरण के चुनाव में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 270 सीट पर जीत हासिल कर ली है। लालू जी की पार्टी को 4 सीट तक नहीं मिल रही है और कांग्रेस को 40 सीट भी नहीं मिल रही है।** इंडी गठबंधन का सूपड़ा साफ होने वाला है। **इंडी गठबंधन में झूठ का व्यापार करने वाले लोग हैं, झूठ बोलकर जनता को गुमराह करके राजनीति में विजय प्राप्त करना चाहते है।** घमंडिया गठबंधन वाले कहते है माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 400 पार करते ही आरक्षण हटा देंगे, लेकिन 10 वर्ष से आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के पास पर्याप्त बहुमत होने के बावजूद कभी भी आरक्षण बदलने का सोचा तक नहीं। **जब तक संसद में भाजपा का एक भी सांसद है तब तक एससी, एसटी और पिछड़ों के आरक्षण कोई हाथ नहीं लगा सकता यह मोदी की गारंटी है। अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में डाका डालने का काम कांग्रेस पार्टी ने किया है। कर्नाटक में 5 प्रतिशत और तेलंगाना में 4 प्रतिशत वर्ग विशेष को आरक्षण दिया जो संविधान सम्मत नहीं है। भारत का संविधान धर्म के**

**आधार पर आरक्षण नहीं देता है।** कांग्रेस पार्टी ने 5 प्रतिशत पिछड़ा और अति पिछड़ा का आरक्षण काट कर वर्ग विशेष को देने का काम किया है। **लालू यादव कहते है की सब मुसलमानों को सात प्रतिशत आरक्षण देना चाहिए, लेकिन जनता पूछना चाहती है कि किसका आरक्षण काटकर मुसलमानों को आरक्षण देंगे, क्या दलितों, पिछड़ों या आदिवासियों का आरक्षण काटकर अरक्षण देंगे?** लालू यादव इस मामले में स्पष्ट बयान दें। **लालू यादव वोट बैंक के लिए और अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाने के लिए पिछड़ा समाज के विरोधी कांग्रेस पार्टी के गोदी में बैठे हैं। कांग्रेस पार्टी ने पिछड़ा समाज का विरोध किया, काका साहेब कालेलकर आयोग की रिपोर्ट को दबाकर रख दिया, मंडल आयोग की रिपोर्ट का विरोध किया और अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण नहीं दिया।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पिछड़ा और अति पिछड़ा समाज को संवैधानिक मान्यता देने का काम किया है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा की इतने साल तक कांग्रेस सत्ता में थी और गरीबों के लिए कुछ नहीं किया, लेकिन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 14 करोड़ गरीबों के घर में नल से जल, 10 करोड़ घर में गैस का सिलेंडर, 12 करोड़ घर में शौचालय और 80 करोड़ गरीबों को प्रति माह 5 किलो अनाज देने का काम किया है। मोदी सरकार ने बिहार के हर गरीब को 5 लाख तक का निशुल्क इलाज मुहैया कराया है और 4 करोड़ लोगों को पक्के घर प्रदान किए हैं। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में 3 करोड़ नए घर बनाए जाएंगे, यह मोदी की गारंटी है।

श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस के नेता मणिशंकर अय्यर देश को धमकी दे रहे हैं कि पाकिस्तान को सम्मान दीजिए, क्योंकि उनके पास परमाणु बम है। इंडी गठबंधन के नेता फारुख अब्दुल्ला ने कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर की बात मत करिए, क्योंकि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है, लेकिन भाजपा सरकार परमाणु बम से नहीं डरती है। भाजपा का स्पष्ट कहना है कि पाक अधिकृत कश्मीर भारत का है, भारत का ही रहेगा और इसे भारत से कोई नहीं छीन सकता।** कश्मीर भारत का अखंड हिस्सा है लेकिन कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कहते हैं कि कश्मीर का राजस्थान और बिहार सहित भारत के अन्य राज्यों से क्या लेनादेना है? खड़गे जी जानते नहीं है कि बेतिया सहित समूचे बिहार का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान दे सकता है। कांग्रेस और उनके साथी दलों ने 70 वर्षों तक धारा 370 को एक अनौरस बच्चे की तरह संभाल कर रखा था। मगर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 5 अगस्त 2019 को धारा 370 को समाप्त करके जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने का ऐतिहासिक काम किया है। **लालू यादव जी के केंद्रीय मंत्री रहते हुए सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह की सरकार में आए दिन देश में आतंकवादी हमले होते थे और कांग्रेस-आरजेडी वोटबैंक के डर से कार्रवाई नहीं कर पाती थी, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पाकिस्तान के घर में घुसकर सर्जिकल और एयरस्ट्राइक कर 10 दिन के अंदर उरी और पुलवामा का जवाब देकर आतंकवाद का सफाया किया है। माननीय प्रधनमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने बिहार और झारखंड को नक्सलवाद से मुक्त कराने का काम किया है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **जब देश में मजबूत सरकार होती है तो फैसले भी बड़े लिए जाते हैं। पहले कश्मीर में पथराव होता था और आजादी के नारे लगाए जाते थे, आज यह सब पाक अधिकृत कश्मीर में हो रहा है। पहले कश्मीर में हड़तालें हुए करती थीं, आज पाकिस्तान में होती हैं।** आज करोड़ों सैलानी कश्मीर घूमने जा रहे हैं, मगर पाकिस्तान में आटे का दाम आसमान को छू रहा है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पूरे देश में टीकाकरण कराकर लोगों को कोरोना से बचाने का काम किया। महामारी के समय राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने टीके को लेकर जनता को गुमराह करने का

काम किया था। इंडी गठबंधन के नेताओं ने कोरोना जैसी महामारी में भी राजनीति करने का काम किया। अगर इंडी गठबंधन जीतती है तो इनके पास प्रधानमंत्री पद का कोई उम्मीदवार नहीं है। इंडी गठबंधन के नेताओं ने बारी-बारी से प्रधानमंत्री बनने की योजना बनाई है लेकिन देश ऐसे नहीं चल सकता है। देश का प्रतिनिधित्व माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के अलावा और कोई नहीं कर सकता है। **लालू जी कहते थे 'तेल पिलावन, लठिया घुमावन', मगर माननीय प्रधानमंत्री जी कहते हैं कि देश को विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाना है।** यूपीए सरकार ने 2004-14 तक बिहार को 2 लाख 80 हजार करोड़ रुपए दिए थे, मगर मोदी सरकार ने 2014-24 तक बिहार को 14 लाख 80 हजार करोड़ रुपए प्रदान किए।

श्री शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने बिहार में गंगा नदी पर कई पुल बनवाए, राज्य के सभी रेलवे स्टेशनों का विकास किया जा रहा है, गांव को शहर से जोड़ा तथा गांवों में बिजली और पानी पहुंचाया है। लालटेन के सहारे बिहार आगे नहीं बढ़ सकता है। बिहार और देश को आगे बढ़ाने के लिए चंद्रयान और आदित्ययान को भेजना होता है, जो केवल आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ही कर सकते हैं। लालू जी बिहार और केंद्र में कुल 25 साल तक सत्ता में रहे, लेकिन उन्हें कभी भी कर्पूरी ठाकुर जी को भारत रत्न देना याद नहीं आया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जननायक कर्पूरी ठाकुर जी को भारत रत्न देने का काम किया है। एनडीए सरकार ने बेतिया से पटना तक 173 किलोमीटर सड़क का निर्माण करवाया, सिलिगुढी-गोरखपुर एक्स्प्रेस-वे बनवाया और भारत नेपाल बॉर्डर पर 552 किलोमीटर सड़क का भी निर्माण किया। मोदी सरकार में बेतिया के रेलवे स्टेशन का विकास किया जा रहा है, बेतिया-पटना हाईवे का भूमि पूजन किया जा चुका है, बेतिया-नरकटिया हाईवे का निर्माण किया जा चुका है और बेतिया में मेडिकल कॉलेज और पॉलीटेक्निक का निर्माण किया जा रहा है। पश्चिम चंपारण में 1 लाख 75 लोगों को पक्के घर, 2 लाख 21 हजार लोगों को 5 लाख तक का निशुल्क इलाज, 5 लाख 44 हजार गैस कनेक्शन, 7 लाख 64 हजार लोगों को मुफ्त अनाज और 5 लाख 35 हजार घरों को नल से जल मुहैया कराया गए है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **कांग्रेस और आरजेडी हर वर्ग में लड़ाई करवाने के अलावा और कुछ नहीं कर सकते हैं।** कांग्रेस सरकार के समय मक्के की एमएसपी 1310 रुपए थी, मोदी सरकार ने इसे बढ़ाकर 2090 रुपए किया। मोदी सरकार ने एथेनॉल के प्लांट लगाकर गन्ना किसानों को लाभ पहुंचाया है और 2025 में पेट्रोल में 20% एथेनॉल ब्लेन्डिंग करके किसानों को अतिरिक्त लाभ भी प्रदान किया जाएगा। **कांग्रेस और आरजेडी कई सालों तक राम मंदिर के मुद्दे को अटकाते, लटकाते और भटकाते रहे, लेकिन आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद हमने 5 साल में केस भी जीता, भूमिपूजन भी किया और 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा भी की। राहुल गांधी और लालू यादव को प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया गया, मगर अपने वोटबैंक के डर से इन लोगों ने प्राण-प्रतिष्ठा के निमंत्रण तक को अस्वीकार किया। इंडी अलायंस का पूरा वोटबैंक देश में बाहर से आए हुए घुसपैठिए हैं।** श्री शाह ने स्थानीय भाजपा प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाने और तीसरी बार मोदी सरकार बनाने की अपील की।

**********************